Victers class work sheet

STD:X, HINDI, 11/08/2021

टूटा पहिया

1,किसका पक्ष असत्य का था ?
उत्तर: बड़े-बड़े महारथीयों का पक्ष असत्य का था ।

2, अभिमन्यु के चारों ओर कौन कौन थे ?
उत्तर: बड़े-बड़े महारथी।

3, महारथियों ने मिलकर क्या किया था ?
उत्तर: अकेली निहत्थी आवाज़ को कुचल दिया था।

4, अकेली निहत्थी आवाज़ से किसकी ओर सूचना है ?
उत्तर: अभिमन्यु की ओर।

5, सारे महारथियों ने क्या चाहा ?
उत्तर: सारे महारथियों ने मिलकर अभिमन्यू को कुचल देना चाहा।

6, सारे महारथियों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए क्या किया ?
उत्तर: ब्रह्मास्त्रों का प्रयोग किया।

7, अभिमन्यु ने क्या किया था ?
उत्तर: एक टूटे पहिए को उठाकर ब्रह्मास्त्रोतों से लोहा लिया था।

8, ब्रह्मास्त्रों से कौन लोहा ले सकता हूं ?
उत्तर : टूटा पहिया।

9, उसके चारों ओर कौन कौन थे ?
उत्तर: उसके चारों ओर बड़े-बड़े महारथी थे।

10, महारथी किसके पक्ष में थे ?
उत्तर: महारथी असत्य के पक्ष में थे।

11, सारे महारथीयों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए क्या किया ?
उत्तर: सारे महारथियों ने अभीमन्यू को कुचल डालने के लिए ब्रह्मास्त्रों का प्रयोग किया।

12, अभिमन्यु ने क्या किया था ?
उत्तर: एक टूटे पहिए को उठाकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था।

13, अभिमन्यु किसका प्रतीक है ?
उत्तर: अभिमन्यु अधर्म का शिकार है या अभीमन्यू शोषित व्यक्ति है या अभिमन्यु अधर्म के विरोधी का प्रतीक है।

14, टूटा पहिया किसका प्रतीक है ?
उत्तर: लघु या उपेक्षित मानव का प्रतीक है।

15, इस कविता में महारथी किसका प्रतीक है ?
उत्तर: महारथी अधर्म, असत्य, अन्याय या शोषक का प्रतीक है।

16, कविता में चक्रव्यूह किसका प्रतीक है ?
उत्तर: चक्रव्यूह मानव जीवन की समस्याओं का प्रतीक है।

17, ब्रह्मास्त्र और अक्षौहिणी सेना किसके प्रतीक है ?
उत्तर: ब्रह्मास्त्र और अक्षौहिणी सेना अन्याय या अधर्मी या शोषक के हाथ की महा शक्ति के प्रतीक है।

HW

18, अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
    बड़े-बड़े महारथी
    अकेली निहत्थी आवाज़ को
    अपने ब्रह्मस्त्रों से कुचल देना चाहें।

इन पंक्तियों के आशय लिखें।

19, तब मैं
    रथ का टूटा हुआ पहिया
    उसके हाथों में
    ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूं।
इन पंक्तियों में चर्चित पौराणिक संदर्भ वर्तमान परिवेश में कहां तक प्रासंगिक है ?

20, सही उत्तर चुनकर लिखिए
कविता के आधार पर किसका पक्ष असत्य क्या है ?
(क) अकेली निहत्थी आवाज़ का।
(ख) बड़े-बड़े महारथी का।

21, अकेली निहत्थी आवाज़ का प्रतीकात्मक अर्थ किसकी ओर सूचित है ?
(क) शासकों की ओर

(ख) शोषितों की ओर

22, अकेली निहत्थी आवाज़ को ब्रह्मास्त्रों से कुचल देनेवाला कौन है ?
(क) शोफक
(ख) शोषित

23, टूटा पहिया किसके हाथों में ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है ?
(क) शोषक के
(ख) शोषित के

24, " दुरूह चक्रव्यूह " इसमें विशेषण शब्द कौन सा है ?
(क) चक्रव्यूह
(ख) दुरूह

25, लोहा लेना - का मतलब क्या है ?
(क) सामना करना
(ख) पीछे जाना

26, कविता के प्रतीकों को चुनकर खंभे में लिखें। वर्तमान परिवेश में प्रतीक किसका प्रतिनिधित्व करता होगा? यह भी लिखें ।

प्रतीक	किसका प्रतिनिधित्व करता है।
……………..	………………………….
……………..	…………………………..
……………..	…………………………..
……………..	…………………………..